Bareilly, Tuesday,
11 August 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

Page No. 05 : Middle

# SRMS में 12 से 14 अगस्त तक कैंसर स्क्रीनिंग कैंप

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (10 Aug):** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में 12 से 14 अगस्त तक तीन दिवसीय कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है. 'देश की आजादी से, कैंसर से आजादी तक' अभियान के तहत आयोजित इस कैंप में मरीजों को मुफ्त परामर्श दिया जाएगा. कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने बताया कि इस कैंप में स्तन, मुंह, बच्चेदानी, पेट, आंत, प्रोस्टेट और फेफड़ों के कैंसर की जांच की जाएगी. इसमें मैमोग्राफी, चेस्ट एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, फाइब्रोस्कैन, लैरिंगोस्कोपी, सीबीसी और ऑकल्ट ब्लड जैसी लगभग एक दर्जन जांचें बिल्कुल मुफ्त होंगी. इसके अलावा सीटी स्कैन, एंडोस्कोपी, कॉलोनोस्कोपी और बायोप्सी जैसी महंगी जांचों पर 50 फीसदी की छूट मिलेगी. आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ. पियूष कुमार अग्रवाल




ने बताया कि कैंसर लाइलाज बीमारी नहीं है. शरीर में न भरने वाला घाव, तेजी से बढ़ती गांठ, लगातार दर्द, आवाज में बदलाव, या उल्टी-खांसी में खून आना इसके लक्षण हो सकते हैं. समय पर जांच और सही इलाज से इसे शुरुआती चरण में ही पूरी तरह ठीक किया जा सकता है. संस्थान में अब तक 60 हजार से अधिक कैंसर मरीजों का सफल इलाज किया जा चुका है. आम जनता से अपील की गई है कि वे इस कैंप में आकर फ्री जांच का लाभ उठाएं.